हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 जनवरी 2024

11 रजिस्ट्रियां, इंतकाल और फर्द के लिए आए लोग...



12 फीडर निजी हाथों में सौंपने के विरोध में 7 पंचायतों ने ...



## खबर संक्षेप

### भोड़ियाखेड़ा में दुकान से नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** गांव भोडियाखेड़ा में चोरों ने बिजली की दुकान से गल्ले में रखी 15 हजार रुपये की नकदी चुराई है।फतेहाबाद शहर पुलिस ने गजेंद्र निवासी गांव भोडियाखेड़ा की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। गजेंद्र कुमार ने बताया कि उसके घर के पास ही उसने मैसर्ज नरेश ट्रेडिंग के नाम से बिजली की दुकान है। 6 जनवरी की रात दुकान बंद करके घर चला गया था। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर 15 हजार रुपये की नकदी चुरा ली।

### 2140 रुपए की सट्टा राशि सहित काबू

**सिरसा।** कालांवाली सीआईए पुलिस ने गांव पिपली में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करने पर एक व्यक्ति को 2140 रुपए के साथ काबू किया है। कालांवाली सीआईए प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान नरेंद्र कुमार निवासी पिपली के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के कब्जे से 2140 रुपए की सट्टाराशि बरामद की गई।

### दो युवक 26 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**डबवाली।** थाना सदर डबवाली प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गांव दिवानखेड़ा के दर्शन सिंह के पास से 13 बोतल शराब बरामद की है। वहीं उसी गांव के पवन कुमार के पास से भी 13 बोतल शराब बरामद की।

### देहाती मजदूरों ने मांगों को लेकर दिया धरना

**रतिया।** देहाती मजदूर सभा के आह्वान पर बुनियादी मांगों को लेकर मजदूरों द्वारा अपनी मांगों को लेकर बाबा रुपा रतनगढ़ की अध्यक्षता में ब्लॉक रतिया कार्यालय पर धरना दिया। मंच संचालन मलकीत रतिया ने किया। धरने के बाद बीडीपीओ के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा।

### बुजुर्ग से नकदी व सोने की अंगूठी लूटी

**फतेहाबाद।** गांव भोड़ियाखेड़ा में बीती रात कुछ अज्ञात लोगों ने घर में सो रहे बुजुर्ग जगदीश सिंह के सीने पर बैठ गए और गला दबाकर मारपीट शुरू कर दी। उससे 15 हजार रुपए की नकदी व एक तोले सोने की अंगूठी छीन कर फरार हो गए। अस्पताल में दाखिल बुजुर्ग जगदीश सिंह ने बताया कि आधी रात को दो-तीन युवक आए और आते ही उससे मारपीट शुरू कर दी। युवक उसके पास से 15 हजार रुपए की नकदी व एक अंगूठी छीन कर फरार हो गए।

### जहरीला चारा खाने से चार नंदी व दो गाय मरी

**जाखल।** जाखल में जहरीला खाना खाने से दो गाय और चार नंदी की मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बीते दिन जहरीले चारे के सेवन के चलते यह घटना हुई है। शहर की मार्केट कमेटी के पास गोवंश के रहने के लिए अस्थाई तौर पर बनाई गई नंदीशाला में ये घटना हुई है। यह जानकारी जाखल खंड के गौ सेवा दल के अध्यक्ष साहिल ने दी।

### 7 दिनों में 11 अवैध हथियार किए बरामद

**फतेहाबाद।** अवैध हथियार रखने वालों पर फतेहाबाद पुलिस लगातार छापेमारी कार्यवाही कर रही है। जिला पुलिस इस वर्ष बीते 7 दिनों में 11 नाजायज पिस्तौल व 7 कारतूस बरामद कर चुकी है। इन मामलों में 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी कड़ी में कल एंटी नारकोटिक्स टीम ने दो अलग-अलग मामलों में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 नाजायज पिस्तोल 315 बोर व एक कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान गांव कन्हड़ी निवासी कृष्ण व राजन के तौर पर हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर टोहाना में मामला दर्ज किया है।

## कंपकंपाती ठंड में गिरी बूंदें तो कोहरे से मिली राहत, लगातार 15 डिग्री से नीचे चल रहा पारा

# आज और कल धूप निकलने के आसार, फिर बढ़ेगी ठंड



फतेहाबाद। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

- मौसम विभाग ने देर रात बारिश की संभावना जताई है
- 10 जनवरी तक बादलवाही व बूंदाबांदी जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सोमवार अलसुबह हल्की बूंदे पड़ने से मौसम में थोड़ा बदलाव आया है। पिछले 15 दिनों से यहां का अधिकतम तापमान 15 डिग्री से नीचे चल रहा है। न्यूनतम तापमान 10 दिनों से 5 से 6 डिग्री के बीच घूम रहा है। कड़ाके की ठंड के कहर से आज-कल में राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने देर रात बारिश की संभावना जताई है। सोमवार देर रात व मंगलवार सुबह हल्की फुहारें पड़ने से जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आया। शहर में सड़कें कीचड़मय हो गई और पैदल चलने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हल्की बौछारें पड़ने से गेहूं व सरसों की फसल को फायदा होगा। मौसम विभाग के अनुसार, 10 जनवरी तक बादलवाही व बूंदाबांदी जारी रहेगी। इसके बाद जमीन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। अगर मौसम खुल गया तो बुधवार को धूप निकलने के आसार हैं जबकि रात को ठंडक ओर बढ़ जाएगी। फतेहाबाद में दिन का तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, वहीं रात का तापमान 6 डिग्री रहा। दिन व रात के तापमान में कमी आने व फुहारे पड़ने के कारण लोग घरों में ही दुबककर रह गए। ठंड से लोगों के हालात बेहाल थे और परेशान होते दिखाई दिए। शहर के बाजारों में दुकानें भी देरी से खुली। जगह-जगह सड़कें कीचड़ से सन गई और सड़कें फिसलन भरी हो गई। पैदल चलने वाले लोगों को इससे परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहर तक शहर के बाजार पूरी तरह सुनसान नजर आए।

**हल्की फुहार से होगा गेहूं को फायदा**

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने कहा कि रविवार रात व सोमवार सुबह पड़ी हल्की फुहारों से गेहूं व सरसों की फसल को फायदा होगा। गेहूं की फसल को इससे अधिक फायदा होगा। आगे दो दिन भी बुंदाबांदी होने के आसार हैं जिससे गेहूं व सरसों की फसल को फायदा होगा।

### गेहूं व सरसों के लिए फायदेमंद

यह बारिश गेहूं व सरसों के लिए फायदेमंद बताई गई है। एक तरह से यह गेहूं व सरसों के लिए नाइट्रोजन का कार्य करेगी। किसनों का कहना है कि बाढ़ के बाद हमने देरी से गेहूं की फसल की बिजाई की थी। फिलहाल मौसम गेहूं की फसल के लिए काफी फायदेमंद है।

### स्वास्थ्य विभाग ने लोगों के लिए जारी की एडवाइजरी

**फतेहाबाद।** जिला में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही शीत लहर के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से कहा है कि वे शीतलहर के दौरान घर के अंदर सुरक्षित रहें। स्थानीय रेडियो प्रसारण केंद्र, टीवी, अखबारों व सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें। शरीर पर कई स्तरों वाले ऊनी एवं गरम कपड़ों को पहने। शरीर को सूखा रखें। शरीर में ऊष्मा के प्रवाह को बनाये रखने के लिए पोशाक आहार व गुड़, शहद और अदरक जैसी गर्म तासीर वाली चीजों से युक्त व्यंजन एवं गरम पेय पदार्थ जैसे सूप, हर्बल टी इत्यादि का सेवन करें।

#### अंगीठी जलाते समय धुएं की निकासी का करें समुचित प्रबंध

प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले फल व सब्जियों का सेवन करें। कमरों में कैरोसीन, हीटर या कोयले के अंगीठी का प्रयोग करते हुए धुएं के निकास का उचित प्रबंध करना सुनिश्चित करें वरना इससे निकलने वाली गैस शरीर के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। अपने सिर को ढक कर रखें,। अपने मुंह को भी ढक कर रखें, इससे आपके फेफड़ों को ठंड से सुरक्षा मिलेगी। मास्क का प्रयोग करें।


#### ठंड में याददाश्त कमजोर होने पर डॉक्टर से लें सलाह

शीतदंश के लक्षणों पर नजर रखें जैसे शरीर के अंगों का सुन्न पड़ना, हाथों-पैरों की उंगलियों, कान, नाक आदि पर सफेद या पीले रंग के दाग उभर आना इत्यादि। हाईपोथर्मीया के लक्षणों पर नजर रखें जैसे याददाश्त का कमजोर पड़ना, असीमित ठिठुरन, सुस्ती, थकान, तुतलाना, सांस लेने मे तकलीफ, कार्य में भटकाव इत्यादि। ऐसी स्थिति में तुरन्त डॉक्टर से सलाह लें। शीतदंश/हाईपोथर्मीया की स्थिति में उस व्यक्ति को तुरन्त गरम स्थान पर ले जाएं व गरम कपड़ों के माध्यम से ऊष्मा प्रदान करें व गरम पेय पदार्थ पिलाएं ताकि शरीर का तापमान बढ़ सके व व्यक्ति की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर के पास ले जाएं। शीत लहर के दौरान बुजुगार्ें व बच्चों का विशेष खास ख्याल रखें।

#### जितना घर में रहोगे, ठंड से बचोगे

स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि शीत लहर के दौरान नागरिक ठंड में यादा समय तक बाहर ना रहें। बेवजह घर से बाहर ना जाएं क्योंकि जितना आप घर में रहेंगे, उतना ठंड से बचे रहेंगे। शराब का सेवन बिल्कुल न करें क्योंकि यह शरीर का तापमान और गिरा सकती है। क्षमता से ज्यादा कार्य न करें, इससे हृदयघात का खतरा उत्पन्न हो सकता है। अत्यधिक तनाव ना लें। परेशानी होने पर जल्द डॉक्टर से संपर्क करें। शरीर के किसी अंग पर शीतदंश के लक्षण दिखने पर उसको हाथों से ना रगड़ें। स्वयं दवा ना खाएं। शीतदंश व हाईपोथर्मीया के लक्षण दिखने पर अपने डॉक्टर से सलाह लेकर ही दवा का सेवन करें। सही समय पर चिकित्सक का परामर्श लेते रहें ताकि आप स्वस्थ रह सकें।

## सिरसा के 5 गांव किए ड्रग मुक्त घोषित



सिरसा। झोरड़नाली में कार्यक्रम को संबोधित करते एडीजीपी श्रीकांत जाधव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने सोमवार को गांव झोरडनाली सहित जिले के पांच गावों को ड्रग्स मुक्त घोषित किया। झोरड़नाली गांव में आयोजित नशा मुक्ति कार्यक्रम में एडीजीपी ने जिला के गांव झोरड़नाली, केलनिया, धनूर, चामल व जंडवाला जाटान को ड्रग मुक्त गांव घोषणा किया। इस अवसर पर ग्राम की पंचायतों को एडीजीपी ने प्रशंसा पत्र सहित ड्रग मुक्त अवार्ड से नवाजा गया। जाधव ने कहा कि लोगो की दृढ़ इच्छाशक्ति और हौसलें के बल पर आज सिरसा के 5 गांवों को पंचायतों व सभी ग्रामीणों ने मिलकर अपने गांवों ड्रग मुक्त गांव बनाया हैं। इन गावों पंचायत ने वह सभी ग्रामीणों ने पुराने ढर्रे से अलग हटकर नई सोच नई ऊर्जा के साथ सामूहिक रूप से काम करते हुए अपने गांव की छवि को उज्जवल करने के लिए जो प्रयास किया है वह निःसंदेह काबिले तारीफ है व अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादाई है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निवारण के लिए हमें किसी का इंतजार करने की जरूरत नहीं वल्कि हौसले के साथ हमें ही समस्याओं को खत्म करने के लिए आगे बढ़ना होगा।

## निर्माणाधीन शेड को लेकर बस्ती के लोग बिफरे



भूना। रामलीला ग्राउंड में अनुसूचित जाति वर्ग के लोग हंगामा करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

रामलीला ग्राउंड में निर्माणाधीन शैड को लेकर आसपास की बस्ती के लोगों ने सोमवार को जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने रामा कृष्णा कला मंच की धक्काशाही के खिलाफ नगर पालिका में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

रामलीला ग्राउंड निवासी पालो देवी, नीलम रानी, पूनम देवी, सुमन, अनिता, मीना रानी, फुलपती, वीना, संजना देवी, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश, एडवोकेट कुलदीप बौद्घ, बलजीत सिंह, जगमीत सिंह, गुलशन, सरपाल बौद्घ, दीप राठी आदि ने बताया कि रामलीला ग्राउंड में वषार्ें पहले अनुसूचित जाति वर्ग की एक चौपाल थी, जिस पर मंच के लोगों ने कब्जा कर लिया। चौपाल अनुसूचित जाति के लोग इस्तेमाल कर रहे थे, मगर कब्जा होने के बाद समाज के लोग विभिन्न कायार्ें के लिए इधर-उधर भटकते हैं और सार्वजनिक जगह के अभाव में समस्या पैदा हो गई है।

#### गली बंद नहीं कर रहे, बल्कि शेड लगा रहे

नगर पालिका की चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा ने बताया कि रामलीला ग्राउंड में रामा कृष्णा कला मंच की मांग पर लोगों की सुविधा के लिए एक बहुत बड़ा शैड लगा रहे हैं। इसका हर व्यक्ति को फायदा मिलेगा। किसी भी गली का रास्ता बंद नहीं होगा और शैड की किसी भी दिशा में चारदिवारी नहीं निकली जाएगी। गली बंद किए जाने की मात्रा अफवाहें हैं।

#### चौपाल पर कब्जा है तो उसे छुड़वाया जाएगा

नगर पालिका के सचिव नवीन पांडे ने बताया कि रामलीला ग्राउंड में शैड का निर्माण कार्य प्रगति पर है परंतु किसी की गली का रास्ता बंद नहीं किया जाएगा। अनुसूचित जाति वर्ग की चौपाल पर अगर किसी संस्था या व्यक्ति विशेष में कब्जा किया हुआ है तो उसकी जांच की जाएगी और सही पाए जाने पर उसे भी खाली करवाया जाएगा।

## दिग्विजय चौटाला ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्द्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी के प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला सोमवार को गांव खारियां पहुंचे और जननायक चौधरी देवीलाल ग्रामीण कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। खारियां पहुंचने पर गांव के सरपंच तेग बहादुर पूनिया ने उनका शॉल भेंटकर स्वागत किया। दिग्विजय चौटाला के साथ-साथ आए कलाकारों का जेजेपी ने यथोचित सम्मान किया। ग्रामीणांचल में युवाओं को खेलों का बेहतर मंच उपलब्ध करवाने तथा उन्हें नशे से दूर रखने के उद्देश्य से यह खेल प्रतियोगिता करवाई जा रही है। गांव खारियां में प्रतिष्ठित कलाकार फैजलपुरिया, कुंवर विर्क व गिरिक मान आदि कलाकारों ने खिलाड़ियों का मनोरंजन भी किया। दिग्विजय चौटाला ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद राशि भी प्रदान की। मौके पर जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, रणदीप सिंह मटदादू, कृष्ण कंबोज, हरिसिंह भारी, शगनजीत सिंह गिल, अमर सिंह ज्याणी, कुलदीप करीवाला, जगसीर सिंह मांगेआना, जयपाल नैन, मदन शर्मा आदि मौजूद रहे।



सिरसा। खारिया में दिग्विजय चौटाला का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## स्वयंसेवकों ने डीईओ का मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूना में शीतकालीन सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग ने शिरकत की। अध्यक्षता प्रिंसिपल नरेश शर्मा ने की और संचालन कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार सुथार ने किया। स्वयंसेवकों ने केक काटकर डीईओ का जन्मदिन मनाया। स्वयंसेवकों को जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य स्वयंसेवकों को अच्छे नागरिक के रूप में तैयार करने का प्रयास है।



## भगवती जागरण में रातभर झूमे श्रद्धालु

**सिरसा।** बाबा हैदर शेख सेवा समिति ने 5 देवियों की लाई गई ज्योति के उपलक्ष्य में 10वां मां भगवती जागरण हुआ जिसमें मुख्यातिथि मनीष सिंगला व एडवोकेट अनिल गुप्ता थे। एडवोकेट दीपम ग्रोवर ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब व राजस्थान से हजारों श्रद्धालुओं ने मां के चरण में आकर हाजिरी लगाई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम गद्दीनशीन हेमंत बाबा के पावन सान्निध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरसेवक अली, बंटी शर्मा, विशाल जुनेजा एवं विनोद फ्रंड ने अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति दी। हेमंत बाबा ने कहा कि यह जागरण सिरसावासियों की खुशहाली के लिए करवाया गया है। इस मौके पर संजय अरोड़ा, मनीष गुप्ता, रमेश साहुवाला, डॉ. प्रवीण सेठी, दीपक अनेजा, प्रीतपाल जिंदल, ममन गेरा, प्रवीण रहेजा, पुनीत सुधा, संजय पूनिया आदि अन्य सदस्य मौजूद थे।



## अक्षत कलश यात्रा में महिलाओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

श्री राम अक्षत कलश यात्रा का आयोजन प्रदेश भर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, बजरंग दल व हिंदू परिषद द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस भव्य यात्रा का आयोजन सोमवार को ओढ़ा में आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं, बच्चो व पुरुषों ने भारी संख्या में भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ श्री हनुमान मंदिर से पंडित अशोक शर्मा व महेन्द्र शर्मा द्वारा मंत्रोचार से किया गया। इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह इंद्रजीत यादव, संजय गोदारा, योगेश जोशी, आत्मा राम गेदर आदि ने बताया कि 492 वर्ष बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है और इस वर्ष दो दिवाली मनाई जाएगी। अयोध्या से आए पीले चावल व निमंत्रण पत्र मंदिर में रखे गए हैं जो सभी के घरों में वितरित किए जाएंगे। इसके बाद कलश यात्रा सालासर भंडारा ट्रस्ट वा हनुमंत सेवा समिति की देखरेख में डीजे के साथ गांव की मुख्य गलियों, बाजारों व खाटू श्याम मंदिर से होते हुए ग्रीन मार्केट पहुंची। कलश यात्रा नेशनल हाइवे से गुरूद्वारा साहिब मार्किट, जलालआना रोड, गौशाला रोड, पुरानी अनाज मंडी व रामबाग रोड से होते हुए श्री दुर्गा मंदिर परिसर में पहुंची। वहां पर दुर्गा मंदिर कमेटी, सालासर यात्रा संघ व दुर्गा भजन मंडल कमेटी ने स्वागत किया।



### एमसी कालोनी के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में रक्तदान शिविर आयोजित

# रक्त की एक-एक बूंद से बचा सकते हैं जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लायंस क्लब रॉयल व सेव अर्थ सेव ह्यूमन संस्था की ओर से एमसी कालोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में रक्तदान शिविर व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। क्लब के प्रधान कृष्ण धूड़िया व प्रोजेक्ट चेयरमैन साहिल रहेजा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर नगरपरिषद की उपप्रधान सविता टुटेजा ने भाग लिया। उन्होंने कृष्ण धूड़िया और साहिल रहेजा द्वारा जन्मदिन के उपलक्ष्य में किए गए इस मानवसेवा के कार्य की सराहना की और जन्मदिन की बधाई दी। इससे पूर्व मंदिर में हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 25 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह किया गया। जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर शर्मा व सुनील भाटिया विशेष तौर पर कार्यक्रम में मौजूद रहे।

रक्तदाताओं को प्रोत्सहित करते हुए नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा ने कहा कि रक्त का दान करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना गया है। आपके द्वारा दान की गई रक्त की एक-एक बूंद से किसी का बहुमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। लायंस क्लब रॉयल के प्रधान कृष्ण धूड़िया व प्रोजेक्ट चेयरमैन साहिल रहेजा ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया और अंत में सभी रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर चार्टर्ड प्रधान नीरज बठेजा, प्रधान कृष्ण धूड़ियां, प्रोजेक्ट चेयरमैन साहिल रहेजा, संचेत मुंजाल, कृष्ण ग्रोवर, पार्षद प्रतिनिधि मनोज नारंग, नरेन्द्र टुटेजा, अशोक बाघला, यशपाल पाहुजा, मनोज पाहुजा, विकास मुटरेजा आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करती नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा व क्लब सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए भूख हड़ताल पर बैठे रेलवे कर्मचारी



जाखल। रोष प्रदर्शन करते रेलवे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**जाखल।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सोमवार से रेलवे कर्मी चार दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। जाखल रेलवे स्टेशन पर भूख हड़ताल पर बैठे नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन सहित उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रदर्शन किया। नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पंकज व सतवीर सिंह ने बताया कि 8 जनवरी से 11 जनवरी तक जाखल जंक्शन पर भूख हड़ताल पर रहेंगे। रेलवे कर्मियों के हड़ताल पर जाने से कार्य भी बाधित हो सकता है। यूआरएमयू रेलवे यूनियन के प्रभार सचिव रमणीक शर्मा के आह्वान पर जाखल ब्रांच की तरफ से सीनियर सेक्शन इंजीनियर (विद्युत) मनजीत सिंह, सोनू कुमार, वेदपाल, सोमदत, सुखविंदर सिंह रेलवे कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली को लेकर भूख हड़ताल पर जाखल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बैठ गए हैं। हड़ताल में दिल्ली मंडल के उपाध्यक्ष कामरेड मुकेश दहिया पहुंचें। ब्रांच सचिव पंकज नैन, अध्यक्ष सत्यवीर सिंह, मनजीत, जगजीत, दिनेश, रोहित, जोनी, प्रेम, अशोक ने पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की।

## खबर संक्षेप

### गल्ले से पैसे चुराने के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** मुल्तानी चौकी पुलिस ने मोहल्ला कसाबां स्थित सीएससी सेंटर के गल्ले से पैसे चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें तेलियान पुल निवासी नीरज उर्फ राजू और भगत सिंह नगर निवासी दीपक शामिल है।

### भैंस चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने ढंढूर गांव से भैंस चोरी के मामले में गांव के ही गोलू को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जोगिंदर सिंह ने बताया कि सदर थाना में ढंढूर गांव निवासी राजेश ने 29 दिसंबर को गांव के जोहड़ से उसकी एक भैंस और तीन कटड़ी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। केस दर्ज करके छानबीन करते हुए आरोपित गोलू को गिरफ्तार किया गया है। ।

### ओवरब्रिज पर लाइटें न होने से दुर्घटना का खतरा

**आदमपुर।** आदमपुर भादरा रोड पर बने ओवरब्रिज पर व आसपास लाइटें न होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वाहन चालकों का कहना है कि इस कारण कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इन्होंने जनहित में तुरंत लाइटें लगवाने की मांग की है।

### समाजसेवी नारंग को सीता ने सम्मानित किया

**हिसार।** ऑटो मार्केट के प्रमुख व्यवसायी जीसी नारंग शहर की अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें हाल ही में प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में सीता का रोल करने वाली दीपिका चिखालिया ने हिसार में आयोजित एक समारोह में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व जीसी नारंग मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, कई बार स्वामी रामदेव के अलावा अनेक बार सार्वजनिक मंचों पर सम्मानित हो चुके हैं।

### सीएम के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** होमगार्ड के जवानों ने सोमवार को 60 साल की उम्र तक नियमित रूप से 365 दिन तक काम सहित अन्य मांगों को लेकर विधायक विनोद भ्याणा के आवास पर पहुंच मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर वीरेंद्र, कृष्ण, कुलदीप व सुनील आदि मौजूद थे।

### श्री तिरुपति धाम में माता गोदांबा कल्याणोत्सव 14 को

**हिसार।** श्री तिरुपति बालाजी धाम में माता गोदांबा कल्याणोत्सव 14 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मकर संक्रांति के अवसर पर दक्षिण भारतीय शैली में मनाए जाने वाले इस कल्याणोत्सव में हिसार व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुण पहुंचेंगे।

### संसारिक एवं आध्यात्मिक समृद्धि पर शिविर 4 से

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन, सिरसा रोड पर सोमवार को ध्यान उत्सव का आयोजन किया गया। मां सांची ने अपने अंदर उतरने की अनेक विधियों के बारे में बताया तथा 4 फरवरी को महासत्संग के आयोजन के बारे में चर्चा की।

# न खाता, न बही, सूदखोर जो कहे वही सही, बिना लाइसेंस कर रहे कारोबार

■ थाना प्रभारी बोले : लिखित में शिकायत दें तो करेंगे कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

हमारी लाचारी है। इसका फायदा न उठाए, ये ही प्रार्थना हमारी है। कुछ ऐसे शब्द प्रत्येक उस व्यक्ति के होते हैं, जो किसी मजबूरीवश सूदखोरों से कर्ज पर पैसा उठाता है। सूदखोर हैं कि जिन्हें किसी गरीब की मजबूरी से कोई वास्ता न है। नगर में कई सूदखोर हैं, जो कर्जदार से मूल राशि से 10 से 15 फीसदी तक ब्याज वसूली कर रहे हैं। प्रश्न ये है कि क्या इन सूदखोरों के लिए कोई नियम कायदा लागू नहीं है या फिर ऐसे साहूकार नियम को पांवों तले कुचलकर अपना धंधा कर रहे हैं। कर्ज देने के लिए बैंक या वित्तीय संस्थाओं के पास लाइसेंस होता है तो वो रिजर्व बैंक के नियमों को फॉलो करते हुए ब्याज पर पैसा दे देते हैं, लेकिन नगर में कई गरीब और जरूरतमंद लोग ऐसे हैं, जिनकी पहुंच बैंक तक नहीं होती है या फिर बैंक किन्हीं कारणों से उन्हें लोन देने से इंकार कर देता है। ऐसे लोगों को पैसा चाहिए होता है तो ये लोग नगर के सूदखोरों से ब्याज पर पैसा उठाने लगते हैं। नगर में कई लोग हैं, जो बिना कोई लाइसेंस के ही सूदखोरी का काम कर रहे हैं।

#### क्या कहते हैं थाना प्रभारी



बगैर लाइसेंस और मनमाना ब्याज वसूली करना सरासर गलत है। अभी तक हमारे पास इसकी कोई शिकायत नहीं आई है। यदि कोई व्यक्ति लिखित में इसकी शिकायत देता है तो सूदखोरी का धंधा करने वाले व्यक्ति पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

रणजीत सिंह, थाना प्रभारी जाखल

#### एक बार कर्ज उठा जाल में फंस जाता है कर्जदार

सूत्र बताते हैं कि नगर में सूदखोर बगैर कोई पंजीयन व लाइसेंस के धड़ल्ले से अपना कार्य कर रहे हैं। पैसा लेन-देन के वक्त ये लोग मौके की नजाकत को भांपते हुए जरूरतमंद लोगों को पैसा दे देते हैं और इसके बाद पेनल्टी व दस से भी ज्यादा गुना तक ब्याज लगाकर परिवादी को अपने जाल में फंसा लेते हैं। जिसको परिवादी चुका नहीं पाता और ये लोग कच्चे-पक्के समझौते के आधार पर परिवादी की संपत्ति पर नजर गढ़ा लेते हैं।

#### समय रहते नकेल कसे प्रशासन

नगर में मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहें एक व्यक्ति ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि घर में बीमारी के कारण उसने सूदखोर से हजारों रुपए कर्ज लिया था। इस कर्ज को वो समय सिर न चुका पाया तो कुछ समय बीतने के बाद सूदखोर ने ब्याज लगाकर उसको दी गई मूल राशि का अढ़ाई गुना पैसा बना दिया। इसके बाद सूदखोर उससे ये राशि वसूलने के लिए उसे प्रताड़ित करने लगा। पीड़ित ने बताया कि इससे वो मानसिक तनाव में आ गया था। हर दिन सूदखोर की धमकियों के बाद अंत में उसने पुलिस का सहारा लिया। पुलिस थाना में सूदखोर के कार्य को नाजायज करार दिया गया।

#### शातिर सूदखोरों से बचने के लिए बनवाएं एग्रीमेंट

ब्याज माफिया से किसी भी तरह का कर्ज लेने से बचाव करें। इसके बावजूद यदि किसी मजबूरी वश कर्ज लेना पड़े तो सूदखोर को कोरे स्टांप या खाली चेक पर हस्ताक्षर करके न दें। कर्ज लेने वाले को एक एग्रीमेंट करना चाहिए, जिसमें रकम और ब्याज की दर स्पष्ट रूप से अंकित हो।

#### नियमों के विपरीत कर रहें सूदखोरी का धंधा

गरीब व्यक्ति मजबूरी में सूदखोरों से कर्ज तो ले लेते हैं लेकिन भारी भरकम ब्याज सहित कर्ज चुकाना इन कर्जदारों के लिए चुनौती बन जाता हैं। इसके बाद इन लोगों को मानसिक परेशानी व सूदखोरों की प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। 15 से 20 प्रतिशत तक ब्याज वसूली करने वाले सूदखोरों की कोई जांच ना होने से प्रशासन की उपेक्षा के नतीजन शहर में दर्जनभर से अधिक सूदखोर बिना किसी पंजीयन के सूदखोरी में पनप चुके हैं।

### कुमारी सैलजा अब 17 से शुरू करेंगी यात्रा

**सिरसा।** कांग्रेस नेता नवीन केडिया ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा की 15 जनवरी से शुरू होने वाली जनसंदेश यात्रा अब 17 जनवरी से हिसार से शुरू होगी। यात्रा में यह बदलाव कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 14 जनवरी से शुरू हो रही भारत न्याय यात्रा को लेकर किया गया है। केडिया ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा की यह जनसंदेश यात्रा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी। इसके बाद सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया जाएगा। इस यात्रा में कुमारी सैलजा के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और विधायक किरण चौधरी भी शामिल रहेंगे।

### पटवारी व कानूनगो से बातचीत कर समस्याओं का जल्द समाधान करें

# रजिस्ट्रियां, इंतकाल और फर्द के लिए आए लोग वापस लौट रहे

सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पटवारियों और कानूनगो ने 10 तक हड़ताल बढ़ाने का फैसला किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पटवारियों और कानूनगो ने 10 जनवरी तक हड़ताल बढ़ाने का फैसला किया है। पिछले एक सप्ताह से हड़ताल के चलते रजिस्ट्रियां, इंतकाल व फर्दों का काम ठप्प पड़ा है, जिस कारण लोग तहसील कार्यालय से निराश वापस लौट रहे हैं। सोमवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने पटवारियों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। लघु सचिवालय के बाहर धरना दे रहे पटवारियों और कानूनगों के बीच जाकर पूर्व सीपीएस ने अपना समर्थन दिया और सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। हरियाणा के राजस्व पटवारी एवं कानूनगो 25500-32100 वेतन बढ़ोतरी की अधिसूचना को 25 जनवरी 2023 की बजाय पहली जनवरी 2016 से फिक्सेशन करने और 25 जनवरी 2023 से लागू करने की मांग कर रहे हैं। अपनी इस मांग को लेकर राज्य के सभी पटवारी और कानूनगो तीन जनवरी से हड़ताल पर हैं। पूर्व सीपीएस के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल चौधरी, संतलाल जांगू, विरेन्द्र एडवोकेट, पूर्व पार्षद चन्द्र मेहता, देवा राम, मनोहर लाल, मनोहर नारंग पूर्व पार्षद, कपिल नारंग, सुदेश बलौदा, सुमित एडवोकेट, दलबीर राणा, राजबीर सिवाच आदि भी मौजूद रहे।

लघु सचिवालय के बाहर पटवारियों और कानूनगो के धरने को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार ने आज प्रदेश का हर वर्ग दुःखी है। चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, महिलाएं या युवा हों या कर्मचारी, इस सरकार ने सभी वगार्ें के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कर्मचारियों से वायदा करके बाद में मुकरने की नीति रही है। कर्मचारियों के आंदोलन में दबाव में एक बार सरकार पीछे हट जाती है और उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन देती है लेकिन जैसे ही कर्मचारी आंदोलन खत्म करते हैं तो वह कर्मचारियों से किए अपने वायदे से मुकर जाती है। उन्होंने कहा कि पटवारी और कानूनगो अपनी जायज मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से हड़ताल पर है, जिससे राज्यभर में कामकाज ठप्प हो गया है और लोग राजस्व सम्बंधी कायार्ें के लिए भटक रहे हैं लेकिन इस हठधर्मी सरकार को आम जनता की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार पटवारियों और कानूनगों से बातचीत कर उनकी समस्या का तुरंत करें ताकि वे काम पर लौट सकें और आम जनता को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। वहीं पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन का आरोप है कि सरकार ने इस हड़ताल को गंभीरता से नहीं लिया।



**फतेहाबाद।** पटवारी एवं कानूनगो के धरने को संबोधित करते पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा।

#### पटवारी व कानूनगो ने फिर शुरू की हड़ताल

**सिरसा।** दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार से फिर हड़ताल शुरू कर दी। यह हड़ताल 10 जनवरी तक चलेगी। पहले 3 से 5 जनवरी तक हड़ताल की गई थी। हड़ताल की वजह से जमीन से जुड़े कार्य करवाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। जिला के पटवारी व कानूनगो आज सुबह लघुसचिवालय में एकत्र हुए। वहां पर उन्होंने धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। फिर से तीन दिन तक चलने वाली इस हड़ताल के दौरान पटवारी-कानूनगो भूमि रिकॉर्ड से जुड़ा कोई काम नहीं करेंगे। बल्कि धरने पर बैठकर मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल के कारण जमीन पैमाइश, भूमि रिकार्ड, फसलों की वैरिफिकेशन आदि कार्य भी नहीं हो पाएंगे। वहीं डोमिशयल, जाति, रिहायशी प्रमाण पत्रों से संबंधित काम नहीं होंगे। क्योंकि ये प्रमाण पत्र बनने से पहले पटवारियों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। लोगों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के पदाधिकारी लाभ सिंह, रोहताश आदि ने कहा कि उनकी मांग है कि पटवारी-कानूनगो के बढ़ाए गए वेतनमान को 1 जनवरी 2016 से नोटिफिकेशन व 25 जनवरी 2023 से वास्तविक रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार की 3 साल से लंबित विभागीय परीक्षा व पटवारियों की स्थायी भर्ती आदि विभागीय समस्याओं को लेकर यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांग नहीं मानी तो वे इस हड़ताल को आगे भी बढ़ा सकते हैं।

# बूथ स्तर के कार्यकर्ता का सम्मान भाजपा में



**सिरसा।** नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष निताशा को मिठाई खिलाते कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसमें बूथ स्तर के कार्यकर्ता को जिला प्रधान से लेकर प्रदेशाध्यक्ष, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री तक बनाया जा सकता है। हाल ही में तीन प्रदेशों में मुख्यमंत्रियों का चयन भी ताजा उदाहरण है कि यहां बूथ स्तर का कार्यकर्ता कहीं भी पहुंच सकता है। इसलिए युवा व महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के साथ जुडकर संगठन को मजबूती प्रदान करें और विकसित भारत बनाने के संकल्प में अपना-अपना योगदान देवें। यह बात भाजपा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने सोमवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी विप्लव देव सहित तमाम पार्टी नेताओं का आभार व्यक्त किया। कहा कि इस जिम्मेदारी को वे पूरी कर्तव्यनिष्ठा से निभाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसमें अगर आपने मेहनत की तो उसका फल अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पार्टी के साथ आएं और संगठन को मजबूती प्रदान करें। सिहाग ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने के लिए लोकसभा व विधानसभा में भी आरक्षण स्थापित किया, जिससे महिलाएं राजनीति में बढ़चढकर भागीदारी कर रही हैं। महिलाओं ने सरकार के निर्णय का स्वागत व इसे सहर्ष स्वीकार करते हुए अपनी प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया है। लोकसभा व विधानसभा चुनावों को लेकर निताशा ने कहा कि भाजपा संघर्ष कर लड़ने वाली पार्टी है और पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनावों में उतरेगी और विजयश्री हासिल करेगी। सिरसा लोकसभा में फिर से और जिले की पांचों विधानसभाओं में इस बार जनसहयोग से कमल खिलाने काम करेंगे। मौके पर जगदीश चोपड़ा, गुरदेव सिंह राही, देव कुमार शर्मा, जिला अमन चोपड़ा, शीशपाल कंबोज, प्रदीप रातुसरिया व बलवान जांगड़ा, मक्खन लाल सिंगला, सागर, रोहताश जांगड़ा, श्याम बजाज आदि मौजूद रहे।

# 10 जनवरी की रैली होगी ऐतिहासिक, गेस्ट टीचर करेंगे आर पार की लड़ाई की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

■ राजकीय अनुबंधित अध्यापक मंच जाखल की मीटिंग हुई

राजकीय अनुबंधित अध्यापक मंच जाखल की मीटिंग सोमवार को ताऊ देवीलाल पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान वरुण बंसल ने बताया कि सरकार हठधर्मिता पर उतर आई है। सरकार 18 वषार्ें से अतिथि अध्यापकों का शोषण कर रही है। सरकार अपनी चुनावी घोषणा पत्र का वायदा निभाए और गेस्ट टीचरों को नियमित करे। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर से हरियाणा के गेस्ट टीचर जगाधरी में आंदोलनरत है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। सरकार उनकी आवाज को लाठी, गोली से दबाना चाहती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते अतिथि अध्यापकों को पक्का करें और अपना 2014 का चुनावी वादा पूरा करें। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी की रोजगार अधिकार रैली ऐतिहासिक होगी। जगाधरी से ही आर पार की लड़ाई की घोषणा करेंगे। बैठक में जॉनी सिंह, सुरिंदर कुमार, विकास, सुखदेव, राजेश शर्मा, नरेंद्र, रेखा पांचाल, वीना खुराना, परमिंदर कौर, लक्ष्मी, मंजू गुप्ता आदि ने भाग लिया।



**जाखल।** पार्क में बैठक के दौरान उपस्थित अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

# अध्यापकों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

आदर्श भारती इंटरनेशनल स्कूल भूना में सोमवार को टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप और राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई व चेयरमैन राजेश खिचड़ ने संयुक्त रूप से किया। बिश्नोई ने बताया कि एनएसएस शिविर के दौरान अध्यापकों और विद्यार्थियों ने मिलकर स्कूल में योगाभ्यास किया और स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान चलाया, जिसका नेतृत्व स्कूल के प्रिंसिपल कृष्ण धारणिया ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को योग के साथ-साथ नैतिक शिक्षा, अच्छे संस्कार, खेलकूद तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। विद्यालय में अध्यापकों के लिए विशेष ट्रेनिंग वर्कशाप में डॉ. एस कुमार व अमन अरोडा ने गुणात्मक शिक्षा पर प्रशिक्षण दिया।



**भूना।** आदर्श भारती इंटरनेशनल स्कूल में टीचर्स ट्रेंनिंग वर्कशॉप में ट्रेनर को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधक। फोटो : हरिभूमि

### 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में मनाएं दीपावली: झोरड़

■ झोरड़ ने कहा कि भगवान श्रीराम केवल हिन्दुओं के नहीं बल्कि सारे जगत के प्रभु थे। ■

**सिरसा।** झोरड़ खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद झोरड़ ने आमजन से कहा कि वे 22 जनवरी के दिन को दिवाली की तरह मनाएं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अपने घरों में दीए जलाएं क्योंकि यह हर भारतीय के लिए ऐतिहासिक क्षण है। मौके पर सभी धर्मों के लोगों को अपने अपने घरों में दीप जलाकर दीपावली मनानी चाहिए। झोरड़ ने कहा कि भगवान श्रीराम केवल हिन्दुओं के नहीं बल्कि सारे जगत के प्रभु थे। अयोध्या धाम में भगवान राम के मंदिर का निर्माण होना देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन हर धर्म और मजहब के लोगों को मिलाकर इस दिन को दीपावली की तरह मनाना चाहिए ताकि देश और दुनिया के सामने एकता और भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम हो। देश में भाईचारा बनाए रखने और आपसी संबंध मजबूत रखने का आह्वान किया। खाप नेता ने लोगों को दीपोत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया।

### सप्ताह भर पहले जहां निर्माण हुआ वहां दरारें पड़ चुकी, हो रहा घटिया निर्माण

# आसाखेड़ा माइनर के निर्माण में गड़बड़ी, किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

सरकारी धन की बर्बादी व अफसरशाही की कथित लापरवाही का बड़ा उदाहरण देखना हो तो एक चक्कर चौटाला गांव की हाल में ही बनाई गई आसाखेड़ा माइनर का लगा कर देख ले। यहां माइनर के निर्माण में कथित अनियमिताएं सामने आई है। आरोप है कि निर्माणाधीन माइनर में पेड़ों और जड़ों को उखाड़े बिना नहर का कार्य प्रगति पर है। सप्ताह भर पहले जहां निर्माण हुआ वहां दरारें पड़ चुकी है। आरोप यह भी है कि निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री का भी उपयोग हुआ है। किसानों का आरोप है कि लाखों रुपए का बजट घोर लापरवाही के चलते बर्बाद हो रहा है। इन सब बातों को लेकर किसानों ने शोर मचाया लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। सोमवार को किसानों के सब्र का बांध टूट गया। किसानों ने निर्माणाधीन माइनर पर प्रदर्शन किया और मौके पर पहुंचे अधिकारियों को अपने साथ बंधक बनाकर बिठा लिया। घंटों तक अधिकारी किसानों के साथ मौके पर बैठे रहे। मौके पर आंदोलन कर रहे हैं किसानों के प्रतिनिधि राकेश फोगड़िया ने बताया कि आशा खेड़ा माइनर के निर्माण में नियमों की अनदेखी हुई है। सरकारी धन की बर्बादी का यह एक बड़ा उदाहरण है। माइनर के निर्माण के दौरान ना तो पेड़ काटे गए और ना ही जड़ों को निकाला गया। नतीजा यह निकला की बनते-बनते ही यह माइनर टूटने के कगार पर आ गई। अधिकारी आंखें मूंदकर सोते रहे। लापरवाही का खेल चलता रहा। जब कहीं सुनवाई न हुई तो आज मौका स्थल पर भारी संख्या में किसान एकजुट हुए और प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने विभाग के एक्सईएन से बात की और मौके पर आकर कार्रवाई करने





**सिरसा।** माइनर निर्माण के दौरान लापरवाही की मुंह बोलती तस्वीर, प्रदर्शन करते किसान।

#### किसानों के साथ नहीं बनी सहमति

किसानों ने कहा कि आप कार्रवाई करने में सक्षम नहीं है। किसानों ने उच्च अधिकारियों के आने की बात कहते हुए दोनों कर्मचारियों को अपने साथ बंधक बना कर बिठा लिया। किसानों की मांग थी कि इस लापरवाही व अनदेखी के मामले में कार्रवाई को लेकर एक कमेटी का गठन हो और उसमें किसानों को शामिल किया जाए। यदि ठोस कार्रवाई नहीं होती तो आंदोलन जारी रहेगा। बाद में विभाग के एसडीओ राजेंद्र खरब मौके पर पहुंचे लेकिन किसानों के साथ कोई सहमति नहीं बनी। इसके बारे में जब विभाग के एक्सईएन एन के भोला ने कहा कि पेड़ों को काटने की परमिशन को लेकर दिक्कत थी। अब पेड़ काटने की परमिशन आ चुकी है। जहां पर भी पेड़ हैं उनको कट करके दोबारा से निर्माण किया जाएगा। इस दौरान सोहनलाल पचार, प्रहलाद सिहाग, रामप्रताप पचार, विनोद धिंटाला, साधुराम सहारण अरविंद सिहाग, बृजपाल पचार, विनोद सिहाग, प्रभु शर्मा, सुधीर खिचड़, कुलदीप गोदारा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रो. गौड़ अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के प्रबंधन विभाग की चेयरपर्सन प्रोफेसर आरती गौड़ को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ऑफ द ग्लोबल नॉलेज फाउंडेशन, यूएसए की तरफ से द जीकेएफ डिस्टिंगुइशेड सर्विस इंटरनेशनल अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड उनके बेहतरीन कार्य जो उन्होंने 17-18 अगस्त को प्रबंधन विभाग द्वारा इनोवेशन ऑन साइंस, मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी पर अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मेलन का सफल आयोजन किया था।

### आशा वर्कर्स फिर से करेंगी आंदोलन

**सिरसा।** आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की रा'य स्तरीय ऑनलाइन मीटिंग रा'य महासचिव सुनीता की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिला प्रधान दर्शना, सचिव पिंकी शाक्य व जिला कोषाध्यक्ष शिमला रानी ने संयुक्त रूप से बताया कि 73 दिन तक प्रदेश भर की आशा वर्कर्स ने हड़ताल की। इसके बाद आशाओं के मानदेय में कुछ बढ़ोतरी की गई है।

### पालसर धाम में 10 को मनाया जाएगा महोत्सव

**रतिया।** संत बाबा चांदी राम धाम का 16वां विशाल महोत्सव 10 जनवरी शाम 5 बजे से गांव पालसर धाम में धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव का समापन 11 जनवरी को सुबह 4 बजे आरती के साथ होगा। इस महोत्सव में परम संत बाबा चांदीराम के उत्तर भारत में रहने वाले श्रद्धालु भाग लेंगे। धाम के प्रांगण में महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों शोरों से शुरू हो गई हैं। धाम के प्रमुख सेवादार अजीत सिंह ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ शाम 5 बजे ज्योति प्रचंड के साथ होगा।

### प्रकाश उत्सव पर प्रभात फेरी निकाली गई

**रतिया।** श्री गुरु गोबिंद सिंह प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रतिया शहर में संगत के सहयोग व प्रभात फेरी सोसायटी की तरफ से लगातार प्रभात फेरी निकाली जा रही है। सोसायटी के सदस्य गुरचरण सिंह ने बताया है कि यह प्रभात फेरी करीब 4 बजे गुरुद्वारा साहिब पुराना बाजार से रवाना होकर शहर की अनेक गली-मौहल्लों में जाकर भाई त्रिलोक सिंह रागी जथे द्वारा शब्द कीर्तन किया।

### ग्रामीणों का ऐलान, ठेकेदार के कर्मचारियों को गांव में घुसने नहीं देंगे

# फीडर निजी हाथों में सौंपने के विरोध में 7 पंचायतों ने पास किया प्रस्ताव



भूना। उपमंडल अधिकारी जोजो तनेजा को ज्ञापन सौंपते सरपंच एवं प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

सब डिवीजन भूना के तीन फीडर का रख-रखाव व बिजली सप्लाई एवं मेंटेनेंस और बिजली चोरी रोकने का कार्य प्राइवेट कंपनी को टेंडर दिए जाने के खिलाफ ग्राम पंचायतों ने कड़ा विरोध किया हैं। टेंडर को निरस्त करवाने को लेकर सोमवार को 7 गांवों के सरपंचों ने बिजली निगम भूना के एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों के विरोध से अवगत करवाया। एसडीओ जोजो तनेजा ने सरपंचों एवं प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनका मांग पत्र उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। सरपंच ने बिजली निगम के एसडीओ को बताया कि गांवों में जैसे ही बिजली के निजीकरण कर दिए जाने की सूचना मिली है, तभी ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैला हुआ है, इसलिए गांव में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो अधिकारी जिम्मेवार होंगे। उधर, ढाणी गोपाल गांव में सोमवार को दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने फैसला लिया है कि ढाणी गोपाल की बिजली सप्लाई का टेंडर लेने वाले ठेकेदार को गांव में नहीं घुसने देंगे और अधिकारियों को बंधक बनाएंगे।

### 58 प्रतिशत लाइन लॉस के चलते निजी कम्पनी को सौंपे गए फीडर

सब डिवीजन भूना के जांडली, सिंथला व ढाणी गोपाल फीडर पर लाइन लॉस के चलते आधिकारिक तौर पर एक प्राइवेट कंपनी को इसका टेंडर दे दिया है। उपरोक्त तीनों फीडर पर सात गांव जुड़े हुए हैं। इनमें जांडली आरडीएस फीडर पर खजूरी जाटी, जांडली कलां, बालनवाली व चंद्रावल शामिल है। सिंथला आरडीएस फीडर पर टिब्बी व सिंथला गांव की सप्लाई हो रही है जबकि तीसरा ढाणी गोपाल फीडर शामिल है। बिजली निगम के एसडीओ के अनुसार उपरोक्त तीनों ही फीडर पर लाइन लॉस 58 प्रतिशत चल रहा है, इसलिए सब डिविजन के इन फीडर से संबंधित सात गांवों का हिसार की एक प्राइवेट कंपनी को टेंडर दिया गया है।

### तनाव होने पर अधिकारी होंगे जिम्मेदार

सोमवार को ग्राम पंचायत जांडली कलां की सरपंच शीला भैरो, प्रतिनिधि विजय भैरो, पंचायत सदस्य सुरेश कुमार व सुनील जागलान, ग्राम पंचायत टिब्बी सरपंच पूजा सहारण, चंद्रावल सरपंच शैलेंद्र सिंह, सिंथला सरपंच सुधीर जाखड़, खजूरी जाटी सरपंच सीताराम, जांडलीखुर्द सरपंच बलवंत सिंह पूनिया, ढाणी गोपाल सरपंच रेशमा गोदारा, नंबरदार जगदीश फगेड़िया, सरपंच प्रतिनिधि सुशील सहारण, सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार गोदारा आदि ने अपनी-अपनी पंचायतों के प्रस्ताव पारित करके प्राइवेट कंपनी को बिजली सप्लाई का दिए गए टेंडर को निरस्त करने की मांग रखी। इन पंचायतो ने कहा कि ग्रामीण प्राइवेट कंपनी को दिए गए टेंडर के खिलाफ हैं, इसलिए गांव में किसी प्रकार का तनाव पैदा ना हो और उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाकर ठेकेदारी प्रथा को बंद किया जाए। सरपंचों एवं प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर गांव में प्राइवेट कंपनी के लोग जाएंगे तो किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घट सकती है, जिसके लिए बिजली निगम के अधिकारी खुद जिम्मेवार होंगे।

### उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा ज्ञापन: एसडीओ

बिजली निगम के उप मंडल अधिकारी जोजो तनेजा ने बताया कि सोमवार को जांडली कलां आरडीएस, सिंथला आरडीएस और ढाणी गोपाल फीडर से संबंधित सात गांवों की पंचायत के सरपंचों एवं प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपकर पर प्राइवेट कंपनी को दिए गए टेंडर को रद्द करने की मांग रखी है।



फतेहाबाद। विधायक निवास के बाहर धरना देकर बैठे किसान।

# किसानों ने विधायक आवास का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- मुआवजे, बिजली सरचार्ज व कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया

प्रदेश की भाजपा सरकार दोनों हाथों से किसानों और आम जनता को लूटने में लगी है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है और परिवार पहचान पत्र में लोगों की अनाप-शनाप इंकम दिखाकर उन्हें मिलने वाली सभी सुविधाएं छीनी जा रही हैं। यह बात पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने सोमवार को फतेहाबाद में विधायक दुड़ाराम के निवास का घेराव किए बैठे किसानों को संबोधित करते हुए कही। आज फतेहाबाद के सैंकड़ों किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के बैनर तले भट्टू रोड पर भाजपा विधायक दुड़ाराम के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और नारेबाजी कर रोष जताया। किसान नेताओं ने घोषणा की कि वे सरकार की किसान व जनविरोधी नीतियों को लेकर गांव-गांव जाएंगे और लोगों को लामबंद किया जाएगा। प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्लाक प्रधान फतेहाबाद करमजीत सालमखेड़ा ने की।

### विधायक ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया

विधायक दुड़ाराम ने किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। किसानों को संबोधित करते हुए मनदीप नथवान ने कहा कि प्रदेश में चोरी और लूटपाट की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। कानून व्यवस्था का जनाना निकल चुका है। चोरी-लूटपाट बढ़ने का सबसे मुख्य कारण नशा है। नशाखोरी पर लगाम कसने में शासन-प्रशासन फेल नजर आ रहा है। सरकारी दफ्तरों में फैले भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तरों में बिना नजराने के कोई काम नहीं होता। महंगाई की मार झेल रही जनता को कुछ राहत देने की बजाय बिजली बिलों में सिक्योरिटी चार्ज व अन्य सरचार्ज के नाम पर जनता को लूटा जा रहा है। गरीब परिवार पहले ही बड़ी मुश्किल से बिजली का बिल भरता है, ऐसे में सरकार ने सरचार्ज का बोझ डालकर जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। जिले में अनेक किसानों व पीड़ितों को बाढ़ का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है।

# नहर में गिरे सांड को बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली



सिरसा। भाखड़ा नहर में गिरे सांड को बाहर निकालते आजाद युवा क्लब के सदस्य।

- बचाव अभियान का वीडियो वायरल, लोगों ने युवक को जमकर सराहा

उपमंडल के गांव लखुआना में आजाद युवा क्लब के सदस्यों द्वारा एक बेजुबान की जान बचाए जाने का मामला खूब सुर्खियां बटोर रहा है। दरअसल गांव के समीप से गुजर रही भाखड़ा नहर में किसी तरह से एक सांड गिर गया। लखुआना गांव के किसी व्यक्ति ने नहर में सांड को गिरा देखकर गांव के आजाद युवा क्लब के सदस्यों को इस बारे में सूचित किया।

फिर क्या था थोड़ी देर में ही आजाद युवा क्लब के सदस्य नहर पर जुट गए। क्लब सदस्य रमन ने बताया इसके बाद सांड को नहर से सुरक्षित बाहर निकालने की योजना बनाई गई। कड़कड़ाती ठंड में आजाद युवा क्लब के एक सदस्य लक्की ने नहर में छलांग लगाई और सांड को रस्सियों के सहारे बांधने का प्रयास शुरू किया। अन्य सदस्यों ने इस काम में उसकी मदद की। सांड को रस्सियों से बांधकर धीरे-धीरे बाहर निकलने का काम शुरू हुआ। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद सांड को सुरक्षित नहर से बाहर निकाल लिया गया। बेजुबान को कड़कड़ाती ठंड में बचाने के इस पूरे ऑपरेशन को किसी ने अपने मोबाइल में कैद कर दिया और इसके बाद इसका वीडियो इंटरनेट पर डाल दिया। उसके बाद वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया।

### सीडीएलयू में गुमनाम पत्र को लेकर गैर शिक्षक संघ की बैठक

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय की एजुकेनिस्ट टीचर वेलफेयर एसोसिएशन व नॉन टीचिंग वेलफेयर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक आज विश्वविद्यालय परिसर में हुई। बैठक में पिछले दिनों एक गुमनाम पत्र के जरिये विभाग के एक प्रोफेसर पर छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र हुड्डा ने बताया कि बैठक के बाद कुलपति को मुख्यमंत्री, रा'यपाल, पुलिस अधीक्षक व उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस ज्ञापन के जरिये पूरी घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है, ताकि कोई भी विश्वविद्यालय की छवि को खराब न कर सके। बैठक में मौजूद टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ ने एक मत होकर कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए और ये जांच जल्द से जल्द कराकर ताकि सच्चाई सामने लाई जाए।

# संकल्प यात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों की शिकायतें सुनते पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज।

विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा सोमवार को जिला के गांव ढाणी सतनाम सिंह, मोहर सिंह, बप्पां, शेखुपुरिया, गांव डबवाली, सावंतखे, संगर सरिस्ता,सावंत सिंह, गुसाइयाना, अमृतसर कलां व अमृतसर खुर्द में पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर गांव डबवाली व सावंतखेड़ा में सीओएसएएमबी के राष्ट्रीय चेयरमैन आदित्य देवीलाल, बप्पां में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, शेखुपुरिया पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, ढाणी सतनाम सिंह में निर्मल सिंह बसरा, थेहड़ी मोहर सिंह में वरिष्ठ भाजपा नेता रजनीश खन्नां एडवोकेट, संगर सरिस्ता, थेड़ी सावंत सिंह, गुसाइयाना व खेड़ी में योगेश शर्मा, अमृतसर कलां व अमृतसर खुर्द में पूर्व पेक्स चेयरमैन मलूक सिंह ने यात्रा का स्वागत किया।

सीओएसएएमबी के राष्ट्रीय चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने कहा कि आज देश व प्रदेश में पात्र नागरिकों को अब सरकारी कार्यालयों में चक्कर नहीं काटने पड़ते बल्कि सरकार की योजनाओं का लाभ व सुविधाएं स्वत: उनके घर द्वार पर मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा आम जनता की तकलीफों को दूर करने के लिए यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

### गणतंत्र दिवस पर महिला और पुरुष बराबर संख्या में होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

उपमंडलाधीश प्रतीक हुड्डा ने गणतंत्र दिवस समारोह मनाने को लेकर किसान रेस्ट हाउस में उपमंडल के अधिकारियों के साथ बैठक की और समारोह के सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए विभिन्न विभागों की ड्यूटिया निर्धारित की।

एसडीएम ने कहा कि लघुसचिवालय के प्रांगण में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में देश भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां हो, इसके लिए अच्छे ढंग से रिहर्सल करवाई जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल 20 और 22 जनवरी को होगी और फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को फुल ड्रेस में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि समारोह में बेहतर तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों में महिलाओं और पुरुषों को बराबर-बराबर संख्या में सम्मानित किया जाएगा।

एसडीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिये है कि अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों के नाम भेजते समय महिला कर्मचारियों की संख्या को विशेष तौर पर उल्लेखित किया जाए।

# लोगों को घर बैठे मिल रही सुविधाएं : रणजीत

- बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने पन्नीवालामोटा में किया कबीर धर्मशाला भवन के जीणारे्द्धार का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। गांव पन्नीवालामोटा में कबीर धर्मशाला भवन का उद्घाटन करते मंत्री रणजीत सिंह।

हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने सोमवार को जिला के गांव पन्नीवाला मोटा की श्री कबीर धर्मशाला में आयोजित आंगनवा?ी वर्कर सम्मान समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर बिजली मंत्री ने कबीर धर्मशाला भवन के जीणारे्द्धार का उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया। कार्यक्त्रम में गांव की आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर को सम्मानित भी किया। साथ ही गांव की आंगनवाड़ियों में कुर्सियां व दरी दी गई। बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं क्त्रियांवित की जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल दलित, पिछड़े व वंचित समाज के लिए अंत्योदय की सोच के साथ कार्य कर रहे है। अंत्योदय की स्कीम परिवार पहचान पत्र के माध्यम से गरीबों को अनेकों सुविधाएं दी जा रही है। ऑनलाइन सर्विस से सबसे 'यादा गरीबों को फायदा पहुंच रहा है उन्हें घर बैठे ही राशन कार्ड, पेंशन, स्टाइपेंड आदि मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम किया है और पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरों की तर्ज पर गांवों में भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। गरीब का अधिकार गरीब को ही मिले, इसके तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। स अवसर पर राम कुमार नागर,कबीर धर्मशाला कमेटी प्रधान महेंद्र किराड, श्रीराम किराड, विजयपाल व अन्य मौजूद रहे।

### शिविर में 140 लोगों की आंखों की जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

श्रीरामहंस चरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गांव साहुवाला द्वितीय में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया जिसमें 140 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें से 4 आप्रेशन के लिए चयनित किए गए। डॉ. संदीप दूबे ने शिविर में मरीजों की आंखों की जांच की आर उन्हें देखभाल के लिए उचित परामर्श दिया।

डॉ. दूबे ने बताया कि आंखें परमात्मा की इंसान को अनमोल देन है। आंखों के बिना हम संसार कर कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में लोग खाली समय में खेलने व परिवार को समय देने की बजाए फोन का इस्तेमाल अधिक करते हैं, जिसकी वजह से उनकी आंखों पर काफी असर पड़ता है।

कुछ लोग व अधिकतर युवा अंधेरे में मोबाइल फोन का प्रयोग करते हैं, जिसके कारण आंखों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और आंखों में कई प्रकार की समस्याएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे समय-समय पर अपनी आंखों की जांच करवाते रहें। आंख संबंधी कोई भी दिक्कत होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं ताकि समय रहते उपचार किया जा सके।

### नगर परिषद की उप प्रधान सविता टूटेजा व अन्य शामिल

# 10 लोगों ने ली रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। रेडक्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्यता लेने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर। फोटो: हरिभूमि

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 6 माह से आमजन के लिए उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में शुरू की गई सामाजिक गतिविधियों से विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व प्रबुद्ध नागरिक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य बन रहे हैं। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का आजीवन सदस्य बनना गर्व की बात है। रेडक्रॉस सोसायटी का जो भी एक बार आजीवन सदस्य बनता है वह जीवन भर के लिए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का आजीवन सदस्य रहता है। आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री व भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, नई दिल्ली के महासचिव द्वारा जारी किया जाता है। श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर में एक साथ 10 से अधिक प्रबुद्ध लोगों ने रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुन्दर को आजीवन सदस्या फार्म भेंट किए।

आजीवन सदस्य बनने वालों में नगर परिषद की उप प्रधान सविता टूटेजा, सेव अर्थ सेव ह्यूमन क्लब से साहिल रहेजा व कृष्ण कुमार धुड़िया, नरेन्द्र टूटेजा, नीरज बठेजा, सुरेश कुमार मुटरेजा, विकास मुटरेजा, मनोज नारंग, संचित कुमार व भारत विकास परिषद से कृष्ण कुमार बंटी शामिल है। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र चुघ व सुनील भाटिया सहित विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बुनियाद व सुपर-100 से विद्यार्थियों के भविष्य की नींव होगी मजबूत

- मिशन बुनियाद व सुपर-100 कार्यक्रमों बारे जागरूकता सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

राजकीय वरिष्ठ माध्यिमक विद्यालय टोहाना में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों, अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों को बुनियादी व सुपर-100 कार्यक्रम के लिए जागरूक किया गया। एसडीएम प्रतीक हुड्डा कार्यक्रम के मुख्यातिथि पहुंचे जबकि जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी राम रत्न श्योकंद ने की। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने कहा कि विद्यार्थियों को बुनियादी व सुपर 100 कार्यक्रम का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेना चाहिए। प्रदेश सरकार के मिशन बुनियाद व सुपर 100 से विद्यार्थियों के भविष्य की नींव मजबूत होगी। उन्होंने बच्चों व अभिभावकों को अपनी सफलता की कहानी बताकर आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया आह्वान

जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग ने कहा कि सेमिनार का मुख्य उद्धेश्य बच्चों व अभिभावकों और एसएमसी सदस्यों को बुनियाद व सुपर 100 कार्यक्रम के लाभ के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि मिशन बुनियाद व सुपर 100 कार्यक्रमों से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम रत्न श्योकंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा किसी की गुलाम नहीं होती। सभी विद्यार्थियों में प्रतिभाएं छिपी हुई हैं, आवश्यकता है उनकी पहचान करने की। अपना एक लक्ष्य बनाएं एवं पूरी मेहतन करें। कार्यक्रम में सफल हुए बच्चों की विडियो क्लिप दिखाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुति कार्यक्रमों की सुन्दर प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। स्कूल प्राचार्य राजेश शर्मा एवं स्टॉफ व एनएसएस कैडेट्स ने अतिथियों का स्वागत किया और बीआरसी कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्कूल मुखियाओं, एसएमसी